हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 1 जुलाई 2024

04 आरोपः डॉक्टरों की लापरवाही से गई युवक...



07 देहरीनाथ संकुल में 7 स्कूल शिक्षक विहीन...






## देश के विकास के साथ ही जिले के विकास के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा : राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा

# कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा हैः मंत्री शिवराज सिंह चौहान

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने ग्राम कुलांस कला में ग्राम वासियों के साथ सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने जिले के ग्राम कुलांस कला में ग्राम वासियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बातसुनी।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिहं चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है तथा पूरे विश्व में देश का सम्मान बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मुझे यह दायित्व सौंपा है कि, मैं किसानों के कल्याण के लिए कार्य करूं। जो कि मैं पूरी लगन से करूंगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण के लिए अनेक कार्य पहले से ही चल रहे हैं, आगे भी किसानों के हित में कई फैसले किए जाएगें। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाना है और लागत कम करना है, इसके लिए नई किस्म के अधिक उत्पादन करने वाले बीज तैयार किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को फसलों का सही दाम मिले इसके लिए एमएसपी बढ़ाई जा रही है।

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी लाड़ली बहनों को लखपति बनाने का दायित्व भी प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मुझे सौंपा है। उन्होंने कहा कि स्वसहायता समूहों के माध्यम से बहनों को अलग-अलग कामों की ट्रेनिंग दी जाएगी जिससे वह स्वयं का कार्य शुरू कर सकेंगी। इसके लिए उन्हें सरकार द्वारा बैंक से धनराशि दी जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पहली केबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया है, कि गरीबों के लिए दो करोड़ आवास और बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वयं एवं धरती को बचाने के लिए हमे अधिक से अधिक पेड़ लगाना होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सभी से एक पेड़ मां के नाम लागाने का आवाह्न किया है। उन्होंने कहा कि अपने देश, राज्य, गांव को नशामुक्त बनाने एवं स्वच्छ बनाने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा।




इस अवसर पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि सरकार आम नागरिकों की हर क्षेत्र में मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के साथ ही जिले के विकास के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

### यह थे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा, सीहोर जनपद अध्यक्ष नवड़ी बाई, जिला भाजपा अध्यक्ष रवि मालवीय, कलेक्टर प्रवीण सिंह, एसपी मयंक अवस्थी, जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, एसडीएम तन्मय वर्मा, सीहोर जनपद सीईओ नमिता बघेल सहित अनेक शासकीय सेवको एवं ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी।




### प्रदर्शनी का किया अवलोकन



केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्राम कुलांस कला में कृषि विभाग द्वारा लगाई गई कृषि आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा ड्रोन से संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी ली और उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने ग्राम के मंदिर परिसर में पौधरोपण किया एवं वहां उपस्थित सभी आमजन से अधिक से अधिक पेड लगाने को कहा।

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ यात्रा के लिए आज रवाना होंगे श्रद्धालु



सीहोर। बाबा अमरनाथ सेवा मंडल गल्ला मंडी के तत्वाधान में सोमवार को दोपहर साढ़े तीन बजे शहर के रेलवे स्टेशन से कश्मीर स्थित प्रमुख तीर्थ स्थल श्री अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए शहर से श्रद्धालुओं का दल रवाना होगा। 100 सदस्यीय मंडल के अध्यक्ष राम भरोस यादव के नेतृत्व में रवाना होगा। श्री यादव के मुताबिक सोमवार को श्रद्धालु शहर के रेलवे स्टेशन से मालवा ट्रेन से रवाना होंगे। वे पहलगांव चंदन बाड़ी पहुंचकर इस मार्ग से पवित्र बर्फानी शिवलिंग के दर्शन के लिए चढ़ाई शुरू करेंगे। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि विगत 11 सालों से मंडल के द्वारा बड़ी संख्या में श्रद्धालु जत्थे में शामिल होते है और पूरे उत्साह के साथ यात्रा करते है। लगभग दस दिनों के इस सफर में प्रतिदिन भजन और कीर्तन का आयोजन भी किया जाता है। इस मौके पर जिला संस्कार मंच सहित अन्य संगठनों के द्वारा सोमवार को बाबा अमरनाथ सेवा मंडल गल्ला मंडी के तत्वाधान में जाने वाले श्रद्धालुओं के जत्थे का स्वागत किया जाएगा।

### डीफ स्थानांतरण नीति लागू करने की मांग

**सीहोर।** मध्य प्रदेश विसबल परिवार की लगातार एक साल से चली आ रही एसएएफ से डीफ स्थानांतरण नीति लागू करने के लिए सरकार के द्वारा अभी तक कोई भी कदम नहीं उठाया गया। इसमें तात्कालिक शिक्षा मंत्री श्री मोहन यादव वर्तमान मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के द्वारा पी नोट सीट जारी की गई थी। फिर भी उनके द्वारा कोई भी निर्णय नहीं लिया गया। अपने परिवार से दूर रहने के कारण हमेशा मानसिक तनाव में रहने के कारण कई लोगों के परिवार टूट गए हैं एवं कई लोगों के द्वारा आत्महत्या भी की गई है। इस सम्बंध में मुख्यमंत्री जी को अवगत कराने के बाद भी, स्थानांतरण नीति को लागू नहीं किया गया है। विसबल परिवार ने आग्रह किया है कि इसको जल्द से जल्द संज्ञान में लेकर स्थानांतरण नीति को लागू किया जावे।

## अमरगढ़ वाटरफॉल में डूबने से युवक की मौत दोस्तों के साथ आया था पिकनिक मनाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के शाहगंज बुधनी क्षेत्र के अमरगढ़ वाटर फॉल में डूबकर एक युवक की मौत हो गई। एसडीआरएफ की टीम ने आज 12 घंटे बाद रेस्क्यू में शव को बाहर निकाला। युवक दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए आया था। इस दौरान वह वाटर फॉल में डूब गया था। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए बुदनी अस्पताल भेज दिया गया है। दरअसल मामला 29 जून शनिवार का है। उज्जैन निवासी 21 वर्षीय यक्षेश गहलोत अपने दोस्तों के साथ शाहगंज थाना क्षेत्र के अमरगढ़ वाटरफॉल में पिकनिक के लिए आया था। वाटर फॉल में नहाते समय उसकी डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने के बाद एसडीआरएफ की टीम युवक को खोजने में लगी हुई थी। आज करीब 12 घंटे बाद युवक को रेस्क्यू कर निकाल लिया गया है।



**पहले भी हो चुकी है मौत :** अमरगढ़ वाटर फॉल पर आए दिन लोगों की डूबकर मौत हो चुकी है। इसलिए फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ने इस क्षेत्र में लोगों के आने पर प्रतिबंध लगाकर रखा है। उसके बाद भी लोग दूसरे रास्तों से छिपकर यहां पर पहुंच जाते हैं।

**भोपाल-इंदौर हाईवे पर पलटी कार :** रविवार की दोपहर लगभग 1 बजे भोपाल-इंदौर हाईवे पर आईईएस स्कूल के सामने तेज रफ्तार कार के सामने एक कुत्ता आ गया। चालक ने उसे बचाने के लिए स्टेयरिंग घुमाया जिससे कार बेकाबू होकर डिवाइडर पर चढ़ते हुए पलट गई। हालांकि इस हादसे में कार में सवार लोगों को अधिक चोट नहीं आई है। जानकारी के अनुसार भोपाल से इंदौर की ओर जा रही कार (एमपी 04 जेडएक्स 6435) हादसे का शिकार हुई है। वहां से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों व राहगीरों की मदद से कार में सवार लोग बाहर निकले।



## तेज रफ्तार बाइक रोड किनारे लगे एंगल से टकराई, बुजुर्ग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले की ग्राम पंचायत बरखेड़ा हसन में शनिवार को एक सड़क हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे लगे लोहे के एंगल से टकरा गई, हादसे में एक बुजुर्ग घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार, हादसा अहमदपुर-बरखेड़ा हसन रोड पर हुआ। यहां शनिवार दोपहर रामस्वरूप मीणा निवासी रामपुरा अहमदपुर अपनी कृषि के लिए दवाई लेने गया था, वापस अपने घर की ओर लौटकर आ रहा था, तभी बरखेड़ा हसन के पास मोड पर एंगल से टकरा गया। हादसे में राम स्वरूप गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी बाइ सड़क किनारे लगे लोहे के एंगल से इतनी जोर से टकराई कि वह बाइक समेत सड़क पर गिर गया। हादसे में उसके हाथ में फैक्चर सिर में गंभीर चोट आई है।



मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि राम स्वरूप की हाथ की हड्डी का 1 इंच का टुकड़ा एंगल से ही चिपका रह गया। वहीं, देखते ही देखते लोगों की काफी भीड़ लग गई थी। वहां पर मौजूद ग्रामीणों के द्वारा 108 को फोन लगाया गया, लेकिन एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंच आई, इसके करीब 1 घंटे बाद डायल 100 की मदद से घायल हो अस्पताल पहुंचाया गया।

### एक घंटे की बारिश से नदी-नाले उफने

# कभी रुक-रुक कर तो कभी चला तेज बारिश का दौर, गर्मी से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में रविवार को दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में शाम को झमाझम बारिश का दौर चला, जो देर शाम तक जारी रहा। मौसम विभाग अनुमान है कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह बारिश का दौर जारी रहेगा।

रविवार को रुक-रुक कर बारिश होती रही। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल गई है। ज्ञात रहे कि सुबह से आसमान पर बादल छाए हुए थे, कभी धूप कभी छांव की स्थिति बनी हुई थी। लेकिन दोपहर बाद काफी देर तक बारिश होती रही। इसके बाद शाम करीब पांच बजे से तेज बारिश का दौर शुरू हो गया।

**पूरे जिले में समय पर सक्रिय हुआ मानसून :** जानकारी के अनुसार इस साल सीहोर जिले में मानसून ने निर्धारित समय पर ही दस्तक दी है। लेकिन अब मानसून की सक्रियता भी नजर आने लगी है। रविवार को जिले के अधिकांश स्थानों पर रुक-रुक कर बारिश होती रही। जिससे मौसम सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। दोपहर बाद आसमान पर काले और घने बादल छा गए। जिससे दिन में भी अंधेरा जैसा होने लगा था, उसके बाद बादल जमकर बरसे और लगातार रुक-रुक कर बारिश का दौर चलता रहा।



### कहां-कितनी बारिश हुई

जिले में बीते 24 घंटे मे 8.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 11.1 मिलीमीटर, श्यामपुर में 32, आष्टा में 8, जावर में 2.3, इछावर में 0, भैरूंदा में 0, बुधनी में 16, रेहटी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में एक जून से अब तक 138.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 153.7 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख के अनुसार अब तक जिले के वर्षामापी केंद्र सीहोर में 191.0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 165, आष्टा में 94, जावर में 124.8, इछावर में 253, भैरूंदा में 96, बुधनी में 79 तथा रेहटी में 102.2 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है।



**खबर संक्षेप**

## मोबाइल रिपेयरिंग और महिला सिलाई प्रशिक्षण

**सीहोर।** बैंक आफ इंडिया, स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के तत्वाधान में सीहोर जिले के सभी समस्त ब्लाक के ग्रामीण बीपीएल कार्ड धारकों के लिये 30 दिवसीय निःशुल्क महिला सिलाई प्रशिक्षण दिनांक 26 जुलाई 2024 से एवं निःशुल्क मोबाईल रिपेयरिंग 30 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिनांक 27 जुलाई 2024 से प्रारम्भ होने जा रहा है। जिसमें बीपीएल कार्ड धारक इच्छुक प्रशिक्षणार्थी बैंक ऑफ इंडिया, स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर-सेटी), आर.टी.ओ.ऑफिस के पीछे , इन्दौर-भोपाल रोड, सीहोर में प्रातः 11 से शाम 5 बजे तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। प्रशिक्षण पूर्णता आवासीय एवं निःशुल्क रहेगा, ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था भी संस्थान द्वारा ही की जावेगी। इच्छुक अभ्यार्थी अधिक जानकारी के लिये स्थानीय सीहोर संस्थान पर जानकारी ले सकते हैं।

## आयुष्मान कार्ड से निजी मुफ्त इलाज की सुविधा

**सीहोर।** राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रहीं है। जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे है। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नही करा पाने वाले हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है। आयुष्मान कार्ड से लोगों को निजी अस्पतालों में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिल रही है। आयुष्मान कार्ड भविष्य में किसी भी प्रकार की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार होता हे। आयुष्मान कार्ड से वे निजी अस्पताल में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते है। राज्य शासन ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना चलाकर अनेक जरूरतमंद लोगों की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार साबित हुई है।

### उपचाररत युवक की मौत के बाद परिजनों ने जिला अस्पताल में किया हंगामा

# आरोपः डॉक्टरों की लापरवाही से गई युवक की जान, लोगों ने अस्पताल में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

हमेशा सुर्खियों में बने रहने वाले जिला अस्पताल में एक बार फिर डॉक्टरों की लापरवाही देखने को मिली। कहा जाए तो जिला चिकित्सालय में आए दिन किसी ना किसी बात को लेकर डॉक्टरों की लापरवाही के किस्से सामने आते हैं। दो दिन पहले बुखार आने पर एक युवक को जिले के ग्राम रोजड़ी से उपचार के लिए परिजन जिला अस्पताल में लाए थे लेकिन शनिवार सुबह उसकी अचानक मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा कर दिया और युवक का शव कार में रखकर चक्काजाम कर दिया। हाटपिपलिया विधायक, एडिशनल एसपी, एसडीएम, तहसीलदार की समझाईश के बाद जाम खुला और युवक के शव का डॉक्टरों की पैनल ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों की मांग थी कि मामले में मजिस्ट्रीयल जांच की जाए, डॉक्टरों की पैनल से पोस्टमार्टम हो, और जिस डॉक्टर की लापरवाही से युवक की मौत हुई है उस पर कार्रवाई की जाए।

जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व जिले के हाटपिपलिया थाना क्षेत्र के ग्राम रोजड़ी में शुभम पिता कमल सिंह राजपूत उम्र 22 वर्ष का स्वास्थ्य खराब होने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए थे। यहां डॉक्टरों ने उसे ब्लड कम होना बताया था। डॉक्टरों ने ब्लड की जांच के लिए उसे



अमलतास अस्पताल भेजा था, उसके बाद उसे जिल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया। परिजनों का आरोप है कि शुभम का ठीक से जिला अस्पताल में उपचार नहीं हुआ और डॉक्टरों ने उपचार में लापरवाही बरतने के कारण उसकी मौत हो गई। इसके बाद शनिवार सुबह परिजनों ने अस्पताल में हंगामा दिया और तोडफ़ोड़ कर दी। इमरजेंसी वार्ड के समीप काउंटर में कम्प्यूटर, प्रिंटर सहित अन्य सामान जमींन पर फेंक दिया। परिजनों ने काफी देर तक अस्पताल में हंगामा किया। अस्पताल में हुई घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। परिजनों की मांग थी कि किसी उच्चाधिकारी को बुलाया जाए। काफी देर तक कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा तो परिजन युवक के शव को निजी कार में लेकर अस्पताल चौराहे पर पहुंचे जहां उन्होनें चक्काजाम कर दिया। परिजनों ने बताया था कि मृतक शुभम के पिता कमल सिंह राजपूत कुछ वर्षों से लकवे की बिमारी से ग्रसित है। उनके तीन बच्चे हैं शुभम का एक भाई व एक बहन है। बहन की कुछ दिनों पूर्व ही सगाई हुई थी। शुभम व उसका भाई मजदूरी करते हैं।

नकी माँ भी काम करके घर चलाती है। परिजनों ने बताया कि शुभम की इस तरह मौत होने के बाद परिवार टूट गया है। मृतक शुभम का शव कार में लेकर अस्पताल के चौराहे पर गए, कार में मृतक की (बहन) भुआ की लडक़ी थी, परिजनों ने अस्पताल चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलने पर एसडीएम बिहारीसिंह, तहसीलदार सपना शर्मा मौके पर पहुंचे जहां परिजनों को काफी देर तक समझाईश दी लेकिन परिजन नहीं माने, इधर करणी सेना के कई लोग अस्पताल चौराहे पर पहुंचे थे उन्होनें भी चक्काजाम कर दिया। अधिकारियों की समझाईश के बाद भी परिजन नहीं माने तो शव लेकर उज्जैन रोड़ चौराहे पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप पहुंचे वहां भी चक्काजाम कर दिया। यहां काफी देर तक परिजन व करणी सेना के युवकों ने हंगामा कर दिया था। यहां एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदोरिया पहुंचे उन्होनें भी परिजनों व समाज के युवाओं को समझाईश दी। काफी देर से हाटपिपलिया क्षेत्र के विधायक मनोज चौधरी भी पहुंचे उन्होनें भी परिजनों को समझाईश दी। कुछ देर के बाद परिजनों की मांगे अधिकारियों ने मानी उसके बाद मामला शांत हुआ। उज्जैन रोड़ चौराहे पर मौजूद अधिकारियों से चर्चा के दौरान परिजनों की मांग थी कि शुभम की मौत की मजिस्ट्रीयल जांच हो, उसका पोस्टमार्टम डॉक्टरों की पैनल से हो, जिस डॉक्टर ने शुभम के उपचार में कोताही की है उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए सभी बातें लिखित में परिजनों ने ली। अधिकारियों ने परिजनों की मांगे मानी उसके बाद चक्काजाम खोला गया।

शुभम के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय लाए जहां डॉक्टरों की पैनल से उसका पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। एसडीएम बिहारी सिंह ने बताया कि परिजनों की जो भी मांगे थी उन्हें मान ली गई है।

## वन अमले ने जेसीबी चलाकर वन भूमि से हटाया अतिक्रमण



**भैरुंदा।** भैरूंदा के लड़कुई वन परिक्षेत्र में दबंगों द्वारा जमीन पर कब्जा जमा कर खेती का कार्य किया जा रहा था। जिला वनाधिकारी ने मामले को संज्ञान लेते हुए कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए थे। जिस पर शनिवार को लाड़कुई वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाश उईके ने नयापुरा बीट के तहत आने वाले रफीकगंज वन क्षेत्र में पहुंचकर वन भूमि पर अतिक्रमण कर खेती कर रहे दबंगो से वन भूमि को छुड़ाया। जेसीबी चला कर कई घंटो से अधिक समय तक चली कार्यवाही में 6 हैक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाशचंद उईके का कहना है कि बरसात शुरु होने के कारण वह कब्जा हटाने की कार्यवही नहीं कर सके जेसे ही बारिश का दौर थम जाएगा इसी प्रकार से विभाग के द्वारा अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## श्री सद्गुरू सांईनाथ पालकी यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक आज

**सीहोर।** सिद्धपुर सीहोर नगर में विगत कई वर्षों से नगर भ्रमण हेतु श्री सद्गुरू साँईनाथ जी पालकी यात्रा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ परम्परागत रूप से निकाली जाती रही है। हर वर्ष की भाँती इस वर्ष भी पालकी यात्रा बड़े ही धूम-धाम से निकाली जावेगी। पालकी यात्रा की तैयारी को लेकर आज दिनांक 01 जुलाई 2024 को सांय 7 बजे स्थानीय साँई बाबा मंदिर गंज सीहोर में बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी धर्मावलम्बियों से अधिक से अधिक संख्या में



उपस्थित होने की अपील की गई है। अपील करने वालों में प्रमुख रूप से ब्रजमोहन सोनी, अर्जुन राठौर, प्रशांत पाठक, पं.पुनीत शर्मा, प्रमोद राठौर आदि शामिल हैं।

## भारत के टी20 विश्वकप फाइनल मुकाबले में जीत हासिल करते ही क्रिकेट प्रीमियों ने मनाया जश्न

**भैरूंदा।** नगर के दुर्गा मंदिर चौराहा पर एकत्रित लोगो ने एक साथ जय श्री राम,जय हिन्द बंदे मातरम के नारे लगाए। वही चौराहा पर क्रिकेट प्रमियो, युवाओं ने तिरंगा ध्वज लहराया। सभी लोगो ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अतिशबाजी कर जश्न मनाया। रात करीब 11.40बजे जैसे ही भारतीय टीम विश्वकप का फाइनल मुकाबला जीती, भैरूंदा नगर के दुर्गा मंदिर चौराहा पर धुमधाम जश्न से मनाया।सभी क्रिकेट प्रेमी अपनी दुकानो पर लगी टीवी पर सैकड़ों तादाद में जमा थे और बारबाडोस में चल रहे साउथ अफ्रीका के खिलाफ इस मैच के सीधे प्रयारण का लुत्फ ले रहे थे। जैसे ही अंतिम गेंद भारत



मैच जीता तो यहां जमा सभी फैन्स के मुंह से जय श्री राम के नारों से जीत की का जश्न मनाया।फैन्स पर जीत का जुनून इस कदर सवार था कि सभी लोग नगर के दुर्गा मंदिर चौराहा पर एकत्रित हो कर एक साथ डांस कर रहे सभी लोगो ने एक साथ जय श्री राम जय भारत माता जय हिन्द के नारे भी लगाए।

## पीजी कॉलेज में तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नव प्रवेशित विद्यार्थियों को नए परिवेश में सहज अनुभव कराने, उन्हें संस्थान की विशिष्ट प्रकृति एवं संस्कृति से परिचित कराने तथा अन्य विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों के साथ संबंध बनाने के साथ व्यापक उद्देश्य तथा स्वयं की खोज की भावना से परिचित कराने के उद्देश्य से महाविद्यालय में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम को अंतर्गत 1 जुलाई से 3 जुलाई 2024 तक तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में सामाजीकरण, संबद्ध होना, अभिशासन और अनुभवों के आयामों को समाहित करने हुए नव प्रवेशित विद्यार्थी, संस्थानों के प्रमुख, महत्वपूर्ण अधिकारी/प्रशासनिक कर्मचारी, संकाय मार्गदर्शक, एन.सी.सी., एन.एस.एस., चयनित पूर्व छात्र, चयनित वरिष्ठ छात्र, सिविल समाज, आमंत्रित विशिष्ट व्यक्ति, शिक्षक आदि सक्रिय सहभागिता करेंगे।

कार्यक्रम में शारीरिक क्रियाकलाप, भार्गदर्शन, विभाग/ शाखा से परिचय, सृजनात्मक कला तथा संस्कृति, साहित्यिक क्रियाकलाप, विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा व्याख्यान एवं महाविद्यालय में पाठ्योत्तर क्रियाकलाप आदि गतिविधियां संचालित की जाएंगी। विद्यार्थियों की आकांक्षाएं, परिवार की आशाएं, मदद करने वाले लोगों के प्रति आभार, स्वयं की मानवीय आवश्यकताएँ, साथियों का दबाव, समृद्धि एवं संबंध जैसे विषयों पर मार्गदर्शन सत्र में चर्चा की जाएगी।

## करबला पुल पर लगाई रेलिंग निकाली, एक तरफ नदी का गहरा पानी, दूसरी तरफ नीचे गिरने का खतरा

**सीहोर।** बरसात शुरू होने से पहले सीवन नदी पर बने करबला पुल पर लाखों रुपए खर्च करके रेलिंग लगाई गई थी, ताकि हादसों से बचा जा सके, लेकिन पिछले दिनों हुई तेज बारिश से पहले निकाल दी गई, क्योंकि जब तेज बारिश हुई तो इस पुल के ऊपर से पानी बहने लगा। नदी में पानी के बहाव के साथ बहकर आने वाला कचरा पुल की रेलिंग में फंस जाता है, वहीं रेलिंग भी टूटकर बह जाती है। ऐसे ही पिछले दिनों हुई बारिश में पानी के साथ बहकर आई जलकुंभी लोहे के एंगल में अटक गई।

इसी तरह हर साल बारिश में यह जलकुंभी अटक जाती है। वहीं मिट्टी और काई के कारण फिसलन भी हो जाती है। दूसरी तरफ पुल पर रेलिंग नहीं होने से हादसों का खतरा भी बना रहता है। पुल से बहने के कारण कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, तो कई घायल हो


फाइल फोटो

चुके हैं। सीवन नदी पर बना करबला पुल काफी नीचे है। यही कारण है कि जब करबला के मोहरों को बंद कर दिया जाता है, तो पानी ओवरफ्लो होकर पुल के ऊपर से बहने लगता है। वहीं अब पुल के दोनों तरफ बैरिकेड्स लगा दिए हैं। जब पुल से पानी ओवरफ्लो होकर बहने लगता है तो बैरिकेड्स बंद कर दिए जाते हैं, ताकि वाहन चालक पुल पार न करें और दुर्घटना से बचा जा सके। बरसात में हो चुके हैं बड़े हादसे इस पुल पर बरसात के मौसम में कुछ साल पहले दो बड़े हादसे हो चुके हैं। पहली घटना में तहसीलदार सहित पटवारी अपनी कार सहित बह गए थे, जबकि दूसरे हादसे में एक ऑटो चालक बह गया था। अंधेरा होने के कारण दिक्कत पुल पर रेलिंग नहीं होने और अंधेरा होने के कारण रात के समय यह पता नहीं चल पाता है कि नदी कहां तक है। थोड़ी सी लापरवाही भी यदि हो गई तो वाहन चालक या तो नीचे की तरफ या फिर नदी की तरफ गिर सकता है।

## नर्मदापुरम को सीहोर ने 3-1 से हराया, दिव्यांश ने किए दो गोल




**सीहोर।** भोपाल में मध्य प्रदेश फ़ुटबाल संघ द्वारा आयोजित जूनियर बालक उत्तर जोन राज्यस्तरीय फ़ुटबाल प्रतियोगिता के दूसरे मैच में सीहोर टीम ने नर्मदापुरम को एक तरफा मुकाबले में 3-1 से विशाल अंतर से हराया। इस मैच में सीहोर टीम पूरे समय नर्मदापुरम टीम पर भारी रही। मैच की शुरूआत में ही सीहोर टीम के खिलाडिय़ों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बढ़त बनाई थी।

जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि शनिवार को सीहोर ने लगातार दूसरी बार प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की है। जूनियर बालक उत्तर जोन राज्यस्तरीय फ़ुटबाल प्रतियोगिता के दौरान सीहोर ने नर्मदापुरम को 3-1 से हराया।

इस मैच में सीहोर की ओर से दिव्यांश ने दो और आकश ने एक गोल किया था, वहीं नर्मदापुरम की ओर से एकमात्र गोल राज ने किया। इसके अलावा सीहोर में खेली जा रही बेबी लीग प्रतियोगिता के दौरान बारिश होने के कारण मैच निरस्त हो गए थे। आगामी मैच सोमवार को आयोजित किए जाऐंगे। वहीं भोपाल में हो रही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सीहोर की टीम शानदार प्रदर्शन कर रही है।

### रोड पर हर वर्ष सिर्फ मुरम डाल दिया जाता है, इससे परेशानी होती है

# मोगराराम को जोड़ने वाली सड़क खराब लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में दो पंचायतों को जोड़ने के लिए कच्ची सड़क पूरी तरह से खराब हो गई है। बारिश के समय में यहां पर पानी भर रहा है। इससे ग्रामीणों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि अधिक बारिश होने पर लोग कहीं जाने के लिए यहां से नहीं निकल रहे। वह कई किलोमीटर चक्कर लेकर जाने को मजबूर हैं।

दरअसल ग्राम पंचायत गुड़भेला में शासकीय हाई स्कूल से लेकर मोगराराम जोड़ तक सड़क का निर्माण नहीं हो पा रहा है। इस रोड पर हर वर्ष सिर्फ मुरम डाल दिया जाता है। लोगों को निकलने में बहुत परेशानी होती है।

ग्रामीण मनोहर वर्मा, महेश, सुमित, लखन, राम चंद्रवंशी, कृपाल, रूपसिंह, मुकेश वर्मा आदि ने बताया कि यहां पर करीब 3 किलोमीटर का रोड नहीं बना। इस वजह से लोगों को मोगराराम और इछावर जाने के लिए 8 किलोमीटर घूम के जाना पड़ता है। स्कूली बच्चे भी रोजाना इस मार्ग से जाते है। बरसात के समय में तो वहां से निकल पाना संभव ही



नहीं होता है। यहां पर पिछले 20 वर्षो से सिर्फ मुरम ही डाली जाती है। कितने ही सरपंच का कार्यकाल निकल गया लेकिन किसी के द्वारा इस रोड की और ध्यान नहीं दिया गया। लोगों ने बताया कि यहां के लिए कई बार रुपए डाले गए लेकिन सिर्फ वह मुरम तक ही सीमित रहे।

इस रोड पर जगह जगह गड्ढे बन गए हैं। इसकी वजह से वहां पर बहुत ज्यादा पानी भर जाता है। जिससे कहीं बार मोटरसाइकिल , बच्चो की साइकिल भी कीचड होने से गिर जाती है। बच्चों को भी आने-जाने में परेशानियां होती है। यहां मार्ग किसानों के खेतों पर भी जाता है।

किसान कई बार गाय का दूध लगाकर आते हैं तो कहीं जगह गड्ढे होने एवं कीचड़ होने की वजह से उनकी गाड़ी वहां पर फिसलन होकर गिर जाती है। इससे उनका सारा दूध वहीं गिर जाता है। इस रोड से रोजाना हजार से ज्यादा लोग आवागमन करते है। लोगों ने बताया कि उन्होंने इसके लिए पंचायत को कई बार आवेदन दिए। इसके बाद भी रोड नहीं बन पा रहा है। अगर यह रोड बन जाता है तो गांव वालों को इछावर और मोगराराम जाने में आसानी हो जायेगी। बरसात में हमें आने जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। किसानों को भी खेतो पर आने जाने में आसानी होगी। ग्रामीणों द्वारा जिम्मेदार आधिकारी से रोड बनाने की मांग की गई है।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेल्थ वेलनेस सेंटर खारी को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेशन (एनक्यूएएस) मापदण्डों में देश में सर्वाधिक स्कोर प्राप्त करने के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव, केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा श्यामपुर विकासखण्ड के खारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेल्थ वेलनेस सेन्टर को 28 जून को नई दिल्ली में पुरस्कृत किया गया। इस




अवसर पर जिला चिकित्सालय, सीहोर का भी चयन एनक्यूएएस मापदण्डों में उत्कृष्ट स्कोर प्राप्त करने पर किया गया था ।

कार्यक्रम में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर डेहरिया, जिला क्वालिटी नोडल अधिकारी निलेश गर्ग, जिला क्वालिटी मॉनिटर डॉ. हर्षा गुप्ता, हॉस्पिटल मेनेजेर (एक्सटर्नल असेसर) संजूलता भार्गव, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (खारी) संगीता धाकड, आशा कार्यकर्ता (खारी) प्रेमबाई को पुरस्कृत किया गया। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने पुरस्कार प्राप्त करने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, एचडब्ल्यूसी खारी स्वास्थ्य दल एवं जिला क्वालिटी टीम को बधाई दी है।

### राजगढ़ में आवश्यकता से अधिक दो दर्जन शिक्षक पदस्थ

# देहरीनाथ संकुल में 7 स्कूल शिक्षक विहीन, अटैचमेंट से चला रहे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

**षिक्षा विभाग में जो न हो जाए वो कम है। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में जहां जैसे-तैसे अटेचमेंट के जरिए पढ़ाई करवाई जा रही है वहीं शहरी क्षेत्र के स्कूलों में आवष्यकता से अधिक षिक्षकों की पोस्टिंग विभाग ने करवा रखी है।**




दूसरे शब्दों में कहा जाए तो अपनी पहुंच, रसूख और राजनैतिक कारणों से 2 दर्जन से अधिक शिक्षक अतिषेष होकर राजगढ़ के विभिन्न स्कूलों में अंगद की तरह पैर जमाकर बैठे हैं। अनेकों सालों से इन अतिशेष शिक्षकों को कोई टस से मस नहीं कर पाया है। ये शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में जाना ही नहीं चाहते। राजगढ़ ब्लॉक के ही देहरीनाथ संकुल की यदि बात करें तो यहां के आठ स्कूल शिक्षक विहीन जैसे हैं। इन आठों स्कूलों में संकुल के अन्य स्कूलों के शिक्षकों को अटैच करते हुए जैसे-तैसे शिक्षण कार्य करवाया जा रहा है। अब अगर दूसरे स्कूल के शिक्षकों को इन शालाओं में भेजा जा रहा है तो निश्चित रूप से उस संबंधित स्कूल में अध्यापन व्यवस्था प्रभावित हो रही होगी लेकिन विभाग के अधिकारी इस ओर से आंख मूंदकर बैठे हुए हैं।

**देहरीनाथ की इन शालाओं में अटैचमेंट से दिए हैं षिक्षक**

राजगढ़ ब्लॉक के देहरीनाथ संकुल में कुल 37 प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाएं आती हैं। माध्यमिक विद्यालय छायन में करीब 70 बच्चे दर्ज हैं लेकिन यहां स्थाई रूप से षिक्षक ही नहीं है। प्राथमिक विद्यालय गुराड़खेड़ा, प्रावि दौलतपुरा, प्राथमिक शाला छुवाल्डिया में भी अनेक बच्चे दर्ज हैं। इसी तरह माध्यमिक शाला रामपुरिया में भी षिक्षक नहीं है। यहां पदस्थ एक षिक्षक को डीएड के प्रशिक्षण के लिए भेजा गया है। उक्त सभी स्कूलों में समीप के अन्य स्कूलों से एक-एक शिक्षक का अटैचमेंट करते हुए पढ़ाई करवाई जा रही है। यही हाल इसी संकुल की माध्यमिक शाला बलबहादुरपुरा, प्राथमिक शाला बहादुरपुरा का भी है।

**पिपलोदी, हिनोती में 200 बच्चों पर सिर्फ 1-1 शिक्षक**

राजगढ़ ब्लॉक की एकीकृत शाला पिपलोदी में 211 बच्चे अध्ययरत हैं लेकिन एक ही शिक्षक यहां पदस्थ है। इसी तरह एकीकृत शाला हिनोती में भी लगभग 200 बच्चे दर्ज हैं लेकिन पढ़ाने के लिए सिर्फ एक ही शिक्षक की व्यवस्था यहां पर है। इसी तरह माध्यमिक शाला देहरा में भी 80 से ज्यादा छात्र दर्ज हैं लेकिन सिर्फ एक ही षिक्षक को अटैच करते हुए जैसे-तैसे पढ़ाई करवाई जा रही है।

**30 बच्चों पर एक शिक्षक का है प्रावधान**

शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार किसी भी स्कूल में 30 बच्चों के ऊपर एक शिक्षक को होना जरूरी है। यदि, उस स्कूल में 60 बच्चे दर्ज हैं तो ऐसे में दो षिक्षक तो अनिवार्य रूप से पदस्थ होना ही चाहिए। इसके ठीक उलट 70 से 100 संख्या वाले स्कूलों में भी स्थाई रूप से षिक्षक पदस्थ नहीं हैं और अटैचमेंट के जरिए व्यवस्था बनाई गई है।

**इनका कहना है**

अन्य शालाओं से अटेचमेंट करके शिक्षक विहीन स्कूलों में पढ़ाई की व्यवस्था हमने बना रखी है। उक्त समस्या से उच्चाधिकारियों को भी अवगत करा चुके हैं।

**मांगीलाल चैहान**
संकुल प्राचार्य, देहरीनाथ संकुल, राजगढ़

# तौल कांटा के सुधारने तथा सील लगाने के नाम पर खुली लूट

### दो दिन में कैंप समाप्त, कई व्यापारी के तौल कांटे नहीं सुधरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

राजगढ़ जिले में समस्त व्यापारी जैसे किराना गल्ला,मंडी सहित अन्य प्रकार के सामानों की खरीदी बिक्री जो तोल काटे से होती उन कांटो का प्रतिवर्ष नापतोल विभाग सत्यापन करता है तथा विभाग के माध्यम से तौल कांटों में त्रुटि सुधार भी कराया जाता हैं। ताकि उपभोक्ताओं को नियमनुसार सामग्री मिल संके। लेकिन सारंगपुर में कई तौल कांटे ऐसे है जिनकी और किसी ने भी ध्यान नही दिया। नापतोल विभाग समय समय पर कैंप लगाकर कुछ कांटो की जांच कर इतिश्री कर लेता है बाद में जब कैंप लगता हे तो शेष बचे तौल कांटे पर सील एवं सत्यापन नही होने की धमकी देकर व्यापारियों से मोटी रकम वसूली जाती हैं। हाल ही में सारंगपुर में नापतोल विभाग की और से ठेकेदार के माध्यम से कांटा सुधारक एवं सील सत्यापन के लिए कैंप आयोजित किया। दो दिन में कैंप का ही समापन कर इतिश्री कर दी जबकि मौके पर नापतोल अधिकारी खुद दो दिन कैंप पर मौजूद रही । इस दौरान कांटा सत्यापन एवं सुधारक के नाम पर खुली लूट की गई ।

**इनका कहना है**

विभाग की और से कैंप आयोजित किया गया था किंतु बारिश के कारण दो दिन में समाप्त कर दिया गया हैं जुलाई में फिर कैंप आयोजित होगा। रही बात पेट्रोल पम्प के नापतोल के सत्यापन की ऊपर से आदेश आने के बाद ही किया जायेगा।
**मीना मंडल** नापतोल अधिकारी राजगढ़

***कईदुकानदारों का कांटो का सत्यापन शेष***

*सारंगपुर में लगभग एक हजार छोटे मोटे तोल कांटे चल रहें हैं लेकिन वे तौल कांटे मानक स्तर पर कितने सही और कितने गलत हे इसकी जानकारी दुकानदार के अलावा नापतौल भिाग को रहती हैं दुकानदार और नापतौल विभाग की सांठगांठ कहें या नापतौल विभाग की लापरवाही यह तो दोनों ही आपस में अच्छे से बता सकते हे किंतु आम उपभोक्ताओं एवं किसानों को क्या पता की जहां समान खरीद रहे या बेच रहें उनके कांटे सही है या नही है।*

***मंडी एवं पंप का भी नही हुआ सत्यापन***

*प्रतिवर्ष तौल कांटे के सत्यापन के लिए जिला स्तर पर नापतौल विभाग कार्यरत हैं लेकिन विभाग के अधिकारी क्या करते हैं किसी को कोई पता नहीं रहता हैं नियमानुसार प्रतिवर्ष तोल कांटे के सत्यापन के साथ ही पैट्रोल पंप एवं कृषि उपज मंडी के तौल कांटों का सत्यापन भी अनिवार्य हैंलेकिन सारंगपुर में अभी तक मंडी एवं पेट्रोल पम्प के कांटो की जांच नहीं हुई है।*

## शहीद के नाम होगा विद्यालय

**सारंगपुर**। मध्य प्रदेश में अब शहीदों के नाम पर चैक चौराहा स्कूल आदि के नामकरण होंगे मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार कलेक्टर राजगढ़ के द्वारा पत्र जारी करते हुए स्वर्गीय अंबा राम मालवीय निवासी ग्राम सैदाबाग सारंगपुर के होकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में सेवारत थे देश सेवा में उनका बलिदान हमेशा याद रखने एवं उनकी देश भक्ति की सदेव प्रेरणा मिलती रहें इसके लिए शासकीय माध्यमिक विद्यालय सैदाबाग का नाम अमर शहीद अंबाराम मालवीय शासकीय माध्यमिक विद्यालय सैदाबाग किया गया हैं।

### शादी समारोह में की थी वारदात

# चोरी का 10 तोला सोना, 7 लाख नकदी सहित 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ



जिले के उदनखेड़ी स्थित एक मैरिज गार्डन में हो रहे विवाह समारोह में हुई लाखों की चोरी के मामले में पुलिस के हाथ सफलता लगी है। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले बाल अपचारी समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनसे 10 तोले सोने के आभूषण, 7 लाख रुपए नकदी सहित अन्य सामान बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार 28 जनवरी 2024 को उदनखेड़ी के एक मैरिज गार्डन में विवाह समारोह चल रहा था। इस दौरान दुल्हन की माताजी के पास रखे गहनों से भरे बैग को अज्ञात चोर ने चुरा लिया था।

चोरी गए बैग में करीब 30 तोले सोने की ज्वेलरी, 3 एंड्राइड मोबाइल सहित नकदी एवं गिफ्ट लिफाफे रखे हुए थे। मामले में पचोर पुलिस ने उस समय रवि पटेल की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों पर मामला दर्ज किया था। पचोर टीआई आकांक्षा शर्मा के विश्वसनीय सूत्रों एवं सटीक मुखबिर तंत्र के जरिए आखिरकार उक्त चोरी का पर्दाफाष कर दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में अनिकेष सिसोदिया निवासी कड़िया, उमराव पिता दरियाव सिंह निवासी कड़िया, राज पिता अषोक सिसोदिया निवासी दाहोद गुजरात, आनंद पिता विजय सिसोदिया निवासी दाहोद गुजरात एवं एक बाल अपचारी शामिल हैं।

# एक परिवार के चार लोगों पर धारदार हथियार से हमला कर किया घायल

### पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ किया बलवा करने का केस दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

समीपवर्ती गांव तेजपुरा में लाठी डंडा और फरसी से हमला कर मारपीट कर एक ही परिवार के चार लोगों को गंभीर घायल कर दिया। इस घटनाक्रम को लेकर पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ बलवा सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तेजपुरा निवासी राधेश्याम पिता पन्नालाल माली 45 साल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गत दिवस 28 जून शुक्रवार की रात 8 बजे के लगभग आरोपी मोहन पिता शिवनारायण, अशोक पिता मोहन, सूरज पिता मोहन, पंकज पिता मोहन, होकम पिता बालु, रामबाबू पिता होकम, मुकेश पिता होकम 8. मांगीलाल पिता हीरालाल, रामेश्वर पिता मांगीलाल, देवीलाल पिता मांगीलाल, तोलाराम पिता हीरालाल, जगदीश पिता शिवनारायण, कमल पिता जगदीश, रतनलाल पिता तोलाराम जाति माली सभी निवासी ग्राम तेजपुरा (करणपुरा) ने फरियादी व उसकी पत्नी, बेटी ओर बेटा को मकान पर पर बरसादी पन्नी डालने की बात पर आरोपियों ने एक मत होकर लाठी डंडा ओर फरसी से हमला कर गंभीर घायल कर दिया। और जान से मारने की धमकी देकर चले गए।घायलों को तत्काल ग्रामीणों के द्वारा सिविल अस्पताल जीरापुर लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के दौरान गम्भीर चार घायलों को बाहर रेफर कर दिया।

### कार्यकर्ताओं का किया आभार

# सांसद एवं मंत्री ने किया पौधरोपण



सारंगपुर । भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के नेतृत्व में शनिवार को नवनिर्वाचित सांसद रोडमल नागर का प्रथम नगर आगमन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज पालीवाल के द्वारा भाजपा कार्यालय पर समस्त मोर्चा मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में नवनिर्वाचित सांसद रोडमल नागर एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल का भव्य स्वागत किया । स्वागत उपरांत भाजपा कार्यालय के सामने पौधरोपण किया। पौधरोपण के पूर्व सांसद नागर ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा की हमारी तीसरी बार सरकार आप सभी के सहयोग से बनी है। इसके पूर्व राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कार्यकर्ताओ का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि मंत्री पद पर आप सबका अधिकार है आपकी ताकत से ही सारंगपुर को मंत्री पद मिला है। सारंगपुर विधानसभा का एक एक कार्यकर्ता अपने आपको मंत्री समझे। सम्मान समारोह के दौरान पूर्व विधायक कुंवरजी कोठार,जनपद अध्यक्ष देव नागर,नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा सहित पार्षद एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आखिर कब आएगा घर के नलों की टोंटी में पानी

खिलचीपुर। ग्राम पंचायत भोजपुर में अब नहाने धोने के पानी की तो दूर की बात पीने के पानी के लिये लोग तरस रहे हैं , न ही बारिश हो रही है न नलों में पानी आ रहा है। नल जल योजना अभी तक चालू नहीं की गई है। 3 महीने बीत चुके हैं अभी तक सिर्फ टेस्टिंग ही चल रहा है।, जिम्मेदारों के लापरवाही के चलते ठेकेदार द्वारा लाइन चालू करने में देरी की जा रही है। जिसका खामियाजा ग्राम वासियों को भुगतना पड़ रहा है। ,क्षेत्र में जलस्तर बहुत गहराई में जाने से कुआं , बावड़ी । ट्यूबवेल आदि सूख गये है। महंगे दामों में पीने का पानी पीकर गुजारे को मजबूर ग्राम वासी परेशान है । शासन व जनप्रतिनिधियों का भी इस ओर ध्यान नहीं है।ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव का नहीं इस ओर कोई ध्यान।ग्राम वासियों की पीने के पानी की समस्या पर ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव भी ध्यान नहीं दे रहे हैं जबकि ग्राम पंचायत का दायित्व बनता है कि लोगों को पीने के पानी की व्यवस्था करें, ऐसे में ग्राम वासी सरपंच, सचिव सहित सरकार को कोसते हुए दिखाई दिए।

### गुजरात की तर्ज पर परिवहन चौकियों को किया जा रहा अपडेट

# राजस्थान सीमा पर होंगे रोड सेफ्टी व इंफोर्समेंट प्वाइंट

**राजगढ़**। प्रदेश सहित जिले की अंतराज्जीय सीमाओं को शासन द्वारा अपडेट कर आधुनिक रूप देते हुए वाहन चालकों, आमजनों की सुविधा हेतु निर्णय लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में एनएच-52 पर खिलचीपुर के आगे राजस्थान बार्डर स्थित चेकपोस्ट को भी अपडेट करते हुए चेकपोस्ट की जगह अब रोड सेफ्टी एवं इंफोर्समेंट प्वाइंट डेवलप किए जाएंगे।

गुजरात की तर्ज पर यह सब किया जाने वाला है। वर्तमान में जो राजस्थान बार्डर पर परिवहन चोकी है उसे उन्नत रूप देते हुए वहां पर्याप्त बल मुहैया करवाने के साथ ही कार्य करवाए जाएंगे। अन्य राज्यों से जिले की सीमा के जरिए प्रदेष में आने वाले वाहन कहीं टैक्स चोरी तो नहीं कर रहे हैं। इसके साथ ही हाईवे के एक्सीडेंट प्वाइंटों एवं दुर्घटनों पर इन प्वाइंटों पर तैनात पुलिसकर्मियों, होमगार्ड सैनिकों द्वारा नजर रखी जाएगी। दूसरे शब्दों में कहें तो परिवहन चोकियों को ही नवीनीकृत करते हुए आधुनिक रूप दिया जाना वाला है। यह पूरी प्रक्रिया अभी प्रारंभिक चरण में है एवं मुख्यमंत्री के निर्देशों पर परिवहन विभाग आगे कार्ययोजना बना रहा है।

**पुलिस विभाग से मांगे गए होमगार्डस**

इसी क्रम में परिवहन विभाग ने उक्त इंफोर्समेंट एवं रोड सेफ्टी प्वाइंटों पर तैनात करने जहां पुलिस विभाग से सब-इन्सपेक्टर एवं सहित 6 होमगार्ड सैनिक उपलब्ध करवाने की मांग की गई है।

**इनका कहना है....**

परिवहन चोकियों को नया रूप देकर इंफोर्समेंट प्वाइंट के रूप में डेवलप किए जाने की प्रक्रिया शासन स्तर से शुरू हुई है। प्रक्रिया प्रारंभिक चरण में है। आगामी दिनों में ऊपर से मिलने वाले निर्देषों के अनुसार हम चोकियों को उन्नत करेंगे।
**ज्ञानेंद्र वैष्य,** आरटीओ, राजगढ़

## ईसागढ़ में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**अशोकनगर**। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ईसागढ़ के नवीन कार्यालय भवन के शुभारम्भ अवसर पर शनिवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी, अध्यक्ष नगर परिषद ईसागढ नीति शिवेन्द्र यादव,अनुविभागीय अधिकारी ईसागढ़ शुभ्रता त्रिपाठी, सरपंच ग्राम पंचायत आकलोन, अभिभाषकगण, गणमान्य नागरिक, पत्रकार बन्धु खंड स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं तहसील ईसागढ़ नईसराय का स्टाफ उपस्थित रहा। पौधरोपण कार्यक्रम में 275 पर्यावरण अनुकूल फलदार एवं छायादार पौधों को लगाया गया। कलेक्टर द्वारा ईसागढ नगर के सिंह सागर तालाब में बनाये जा रहे वायपास रोड का एवं फूक बावडी का निरीक्षण किया। फूक वावडी के जीर्णोद्वार में नगर के लोगों द्वारा किये जा रहे श्रमदान की सराहना की।

### डीजल की मच गई लूट

# नेवज के बड़े पुल पर टैंकर और कुंडक्या नाले में पलटी पिकअप



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

शहर की सीमान्तर्गत शनिवार दोपहर हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर पलटी मार गए। दोनों हादसे हाईवे पर हुए हैं। एक हादसा नेवज नदी के बड़े पुल के समीप हुआ वहीं दूसरे हादसे में खिलचीपुर रोड पर कुंडक्या नाले में एक पिकअप वाहन पलटी मार गया। जानकारी के अनुसार डीजल से भरा हुआ टैंकर ब्यावरा तरफ जा रहा था।

इस दौरान दोपहर करीब 12.30 बजे यह टैंकर नेवज नदी की बड़ी पुलिया के नजदीक किशनगढ़ ग्राम के ठीक सामने पलटी मार गया। टैंकर पलटते ही आसपास के कुछ असामाजिक तत्वों ने टैंकर में से डीजल की लूटपाट मचाना शुरू कर दी। हालांकि, सूचना के कुछ देर बाद ही कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और टैंकर को अपनी कस्टडी में ले लिया। टैंकर चालक को इस हादसे में मामूली चोंट आई है।

**एक्टीडेंटल प्वाइंट पर पिकअप पलटी**

एक अन्य हादसा हाईवे पर ही खिलचीपुर रोड पर एक्सीडेंटल प्वाइंट कुंडक्या नाले के यहां हुआ। इसमें एक पिकअप वाहन चालन नाले के समीप ही खाई में पलटी मार गया। हादसे में वाहन में सवार ड्राइवर को मामूली चोंट पहुंची है। उक्त दोनों घटनाओं में ईष्वरीय कृपा से जनहानि होने से बच गई।

### मां मंशापूर्ण वैष्णोदेवी मंदिर ट्रस्ट ने किया राज्यमंत्री का सम्मान

**बोले, क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे**

# पद तो आते जाते रहते हैं, लेकिन सेवा समर्पण हमेशा बना ही रहना चाहिए: नारायण पंवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

राजनीतिक जीवन में पद प्रतिष्ठा तो आते जाते रहते हैं, लेकिन सेवा और समर्पण का भाव हमेशा रहना चाहिए। राजनीति में इतने लोग पद प्रतिष्ठा प्राप्त करते हैं। लेकिन सम्मान कुछ ही लोगों को मिलता है। जिसका कारण उनका समर्पण और सेवा भाव होता है। साथ ही उनका विनम्र स्वभाव भी होता है। यह बात स्थानीय मां मंशापूर्ण वैष्णो देवी मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने कही।

उन्होंने कहा कि पद आते जाते रहते है, लेकिन इनके आने जाने से व्यक्ति के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आना चाहिए। साथ ही विनम्रता के साथ लोगों के जीवन स्तर को बदलने का कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट ने राज्यमंत्री का विशेष रूप से स्वागत सम्मान किया। मंदिर ट्रस्ट की ओर से उन्हें मां मंशापूर्ण वैष्णोंदेवी का चित्र एवं त्रिशूल भेंट किया। आयोजन में मंच पर अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन



कुशवाह, पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जसवंत सिंह गुर्जर, पूर्व नपाध्यक्ष अखिलेश जोशी, पार्षद हेमलता शर्मा, कैलाश कुशवाह, रामबाबू तिवारी, ट्रस्ट के अध्यक्ष कमल खस उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट जितेंद्र जोशी ने किया जबकि आभार सुनील आर्य ने व्यक्त किया।

**मिलजुलकर करेंगे मंदिर परिसर में विकास कार्य:** इस अवसर उन्होंने कहा कि मां मंशापूर्ण वैष्णो देवी मंदिर ट्रस्ट नगर में धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मंदिर परिसर को भव्यता प्रदान करना हम सब की जिम्मेदारी है। कोई एक व्यक्ति इस जिम्मेदारी को पूरा नहीं कर सकता। हम सब मिलजुल कर इस कार्य को करेंगे। मंदिर ट्रस्ट और नगर के गणमान्य नागरिक मिलकर मंदिर परिसर को भव्य एवं सर्व सुविधायुक्त बनाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने राज्यमंत्री का स्वागत सम्मान किया। मंदिर ट्रस्ट के संयोजक अखिलेश जोशी, अध्यक्ष कमल खस,



संरक्षक कैलाश कुशवाह, विनोद शिवहरे, जितेंद्र जोशी, सुनील आर्य, जगदीश सक्सेना, सुभाष पालीवाल, संजय तिवारी,विजय अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, दिनेश साहू, धर्मेंद्र जोशी, नरेंद्र चैहान, राजू यादव, चरणजीत सरदार, संजय तिवारी, गिर्राज करोड़िया, नवीन शर्मा, श्रवण गहलोत, योगेंद्र सिंह राज्यमंत्री का सम्मान किया।

**ब्यावरा में लाएंगे मोहनपुरा से पेयजल**

पंवार ने कहा कि मुझ यह अवसर मिला है तो इसका उपयोग क्षेत्र के विकास के लिए करूंगा। मेरा सबसे बड़ा प्रयास ब्यावरा में पेयजल के संकट को दूर करना है और इस पर कार्य भी शुरू कर दिया है। ब्यावरा में पेयजल के लिए मोहनपुरा से पानी लेकर आएंगे।

## खबर संक्षेप

### व्यापारी संघ ने विधायक का किया स्वागत



आष्टा। धियायक गोपालसिंह इंजीनियर ने नवनियुक्ति होटल व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश शर्मा का विधायक कार्यालय पर स्वागत किया। नवीन कार्यकारिणी में महामंत्री मन ठाकुर एवं कोषाध्यक्ष दिलीप यादव का स्वागत कर बधाईयां दी। होटल व्यापारी संघ द्वारा विधायक का भी साल श्रीफल एवं मीठा मुंह कराकर सम्मान कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर होटल व्यापारी संघ के जय दुर्गा रेस्टारेंट के नानू राठौर हरिओम रेस्टॉरेंट के सुनील जी मेवाड़ा महावीर रेस्टॉरेंट के पवन जी जैन मोहनी रेस्टॉरेंट के सन्जू जी जैन नाकोड़ा कॉफी हाउस के पंकज जी नाकोड़ा राठौर नमकीन भण्डार के राजु जी राठौर यादव रेस्टॉरेंट के धर्मेन्द्र यादव अवनी नमकीन के दिलीप यादव कुरावर केफे से अभिषेक कुशवाह सी.के.जी. से अतुल पचलासिया बाबा नमकीन से महेश राठी तिवारी रेस्टॉरेंट से गोलू जी तिवारी महावीर मावा भण्डार से विक्रम मेवाड़ा न्यू महावीर रेस्टॉरेंट से बलराम मेवाड़ा आदि मौजूद थे व अंत में आभार होटल व्यापारी संघ के महामंत्री मन जी ठाकुर ने व्यक्त किया।

### निर्माण के लिए खुदे गड्ढे हादसों को दे रहे आमंत्रण

आष्टा। प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी के रहवासियों की परेशानी हल होने का नाम ही नहीं ले रही है। यहां पर नगर पालिका पार्क का निर्माण कर रही है। उसके लिए ठेकेदार ने जो गड्ढे खोदे हैं, वे दो दिनों से हो रही बारिश से पानी से भर गए हैं। इसके चलते वहां पर बच्चों के डूबने का खतरा होने के आसार बने हुए हैं। लोगों ने वहां पर सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है। इसके अलावा रहवासियों को यहां पर कीचड़ की समस्या से भी परेशान होना पड़ रहा है। बता दें कि ऐसा कोई मौसम नहीं है, जिसमें रहवासी परेशान न हो रहे हो। गर्मी में जहां पानी के लिए हाहाकार मचा रहा। नगर पालिका का तीन चार दिन में एक टैंकर आता था। बारिश में यहां पर लोगों को कीचड़ की समस्या से परेशान होना पड़ रहा है।

### स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का किया आयोजन

# अतिथियों ने कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का किया सम्मान



दीप प्रत्वलित कर अतिथियों ने आयोजित हुए कार्यक्रम की शुरूआत की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

एसबीएस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तरुण कुमार बैरागी बीआरसीसी और कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद रवि शर्मा, विशेष अतिथि मनोज विश्वकर्मा बीएसी, पत्रकार कमल पांचाल, धनंजयजी जाट के साथ संस्था संचालक भोलू सिंह ठाकुर, सहसंचालक जीवन सिंह ठाकुर, प्राचार्य रीना ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुभ शुरुआत कर संस्था में कक्षा 12वी के लैपटॉप प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र छात्राएं और कक्षा नर्सरी से 11वीं प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को तथा पूरे सत्र में होने वाली विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीयं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र /छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही साथ संस्था द्वारा बेस्ट डिसिप्लिन स्टूडेंट काअवार्ड भी दिया गया। साथ ही संस्था संचालक भोलू सिंह ठाकुर सहसंचालक जीवन सिंह ठाकुर प्राचार्य रीना ठाकुर द्वारा संस्था में पधारे सभी अतिथियों का प्रतीक चिन्ह भेंट कर प्रतिभावान विद्यार्थियों के माता-पिता का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया। संस्था संचालक द्वारा अपने 26 वर्ष की सफलतम संचालित गतिविधियों का साझा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका अर्चना ठाकुर विद्यार्थी दीपा मेवाड़ा द्वारा किया गया तथा आभार व्यक्त सहसंचालक जीवन सिंह जी ठाकुर द्वारा किया गया।

## मां जैसा संतान को बनाना चाहे वैसा बना सकती हैः साध्वी



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मां जैसा संतान को बनाना चाहे वैसा बना सकती है,दुनिया में सभी प्रकार के डे मनाए जाते हैं। लेकिन दीक्षा -डे का लाभ कुछ ही क्षेत्र को मिलता है । आष्टा बहुत ही सौभाग्यशाली नगर है जहां अनेक आचार्य भगवंतो सहित साधु -संतों व महासतियों के चरण पढ़े। आज हमारी गुरु मैय्या मालव रत्न एवं अनेक उपाधियों से विभूषित उपप्रवर्तनी मेवाड़ गौरव कीर्ति सुधा जी का 53 वां दीक्षा दिवस मनाया जा रहा है ,वह भी त्याग -तपस्या एवं गुणानुवाद सभा के माध्यम से।ऐसी बेटी जिसने जिन शासन का गौरव बढ़ाया वह सभी माताओं को मिले।52 साल दीक्षा के पूर्ण होने पर भी सेवा का विशिष्ट गुण आप में है।आप योगी, ज्ञानी और ध्यानी है।आप आंतरिक तप निरंतर करती रहती है। आहार के प्रति अशक्ति नहीं।आप अपने निर्मल भविष्य के पथ पर बढ़ रही है। साध्वी आराधना श्रीजी ने अपनी गुरणी मैय्या मालव कीर्तिसुधा जी के 53 वें दीक्षा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कही।साध्वी आराधना श्रीजी ने आशीष वचन देते हुए कहा कि आष्टा नगरी पर पूज्य गुरुदेवों ने पावन बनाया।गुरणी मैय्या का सानिध्य मिला। चिल्ड्रन डे, फादर्स डे, मित्रता डे सहित अनेक दिवस मनाया लेकिन आज दीक्षा दिवस मनाने का अवसर आष्टा को मिला। आपने कहा कि आज चौथी कन्या गर्भ में आ जाएं और सोनोग्राफी से पता चल जाएं तो उसे गर्भ में ही मार देते है। लेकिन ऐसी चौथी कन्या कनासिया में जन्मी जिन्होंने जैन शासन का गौरव बढ़ाया और आज पूरे देश में मालव कीर्तिसुधा जी के नाम से जानी -पहचानी जाती है। आचार्य अमोलक ऋषि का जन्म आष्टा में हुआ था और दीक्षा सिद्धिकगंज में हुई थी। मां जैसा चाहती है वैसी संतान को बनाती है।सास- ससुर, माता पिता बनने की इच्छा लेकिन महाराज की मां बनने की इच्छा के भाव बहुत कम के मन मे आते थे। शिष्य को गुरु की चाह और गुरु को भी अच्छे शिष्य की चाहत रहती है।गुरणी मैय्या को स्वप्न आया ब्रह्म मुहूर्त में साधु के दर्शन हुए और सुबह उन्हें वहीं स्वप्न वाली महासती मिली।

## एमपी नौसेना इकाई एनसीसी का चल रहा दस दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीएटीसी 101 एमपी नौसेना इकाई एनसीसी भोपाल का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधनकेन्द्र भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। इसमें एमपी नेवल एनसीसी कैंप कमांडर श्रीकांत गर्ग कमांडिंग आफिसर के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स को बोट पुलिग की तैयारी कराई जा रही है। बोट पुलिग के लिए जो कैडेट का चयन होगा वे आगे होने वाले एनएससी कैंप में भाग लेंगे। और साथ में ड्रील परेड प्रतियोगित राजेश्वर तिवारी, अमित गांधी, अरविंद राठौर के मार्ग दर्शन में फुटबॉल, बास्केट बॉल, वालीबाल, हैंडबाल सभी प्रतियोगित सीनियर कैडेट और जूनियर कैसेट बालक बालिक की अलग अलग कराई गई। प्रशिक्षण शिविर अमित दिवेदी, अशोक मालवीय, राजीव तिवारी रेणुका पवार, रश्मि टोपो, अमित, गिरिराज, के मार्ग दर्शन में चल रहा है।

## थाना जावर में पदस्थ उप निरीक्षक गिरजा मेवाड़ा के सेवानिवृत होने पर कार्यक्रम आयोजित कर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



पुलिस थाने से गिरजा मेवाड़ा उप निरीक्षक को सेवानिवृत होने पर पुलिस स्टाफ एवं नगर के नागरिकों ने विदाई समारोह में स्वागत किया और बधाई दी। जावर पुलिस थाने से कुमारी गिरजा मेवाड़ा उप निरीक्षक सेवानिवृत होने पर स्टाफ और नगर के वरिष्ठ नागरिकों ने स्वागत कर उनको बधाई दी। उनके आगे भविष्य की शुभकामनाएं दी हमेशा दीर्घायु रहे वह समाज प्रति हर कार्य करने में सफलता मिले स्वागत करता में थाना प्रभारी रामनारायण मालवीय, दिनेश भाहेती, मनोज जाट, लाखन सिंह, आत्माराम, अर्जुन सिंह ,महेंद्र सिंह, बीएल वर्मा, बलराम, आकाश, पवन पटवा, राजू मखोड़ पुलिस स्टाफ ने हार फूलों से स्वागत कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया। साथि ही उज्वल भविष्य की कामना की।

## दिगंबर जैन मंदिर पर आयोजनः भगवान विमलनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस पर चढ़ाया निर्वाण लाडू

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जैन धर्म के 13वें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ का मोक्ष कल्याणक निर्वाण दिवस सभी जिनालायों पर बड़े ही हर्ष और उल्लास पूर्ण माहौल में मनाया गया। निर्वाण कांड पाठ बोलकर मोक्ष फल अर्पित किया गया। इसके पूर्व समाज के श्रावकों ने भगवान के अभिषेक , शांति धारा कर पुण्यार्जन किया। श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर गंज सहित सभी जिनालय में भगवान विमलनाथ जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर अभिषेक, शांति धारा कर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

### मुनि विनत सागर व विश्वमित सागर को श्रीफल भेंट किए

आचार्य 108 विनम्र सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य युगल मुनिराज मुनि विनत सागर महाराज व मुनिश्री 108 विश्वमित सागर महाराज को चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर अरिहंतपुरम अलीपुर में वर्ष 2024 का चातुर्मास का लाभ देने हेतु विनती करते हुए श्रीफल भेंट किया। समाज के प्रमुखों सहित अलीपुर मंदिर व्यवस्था समिति व समाज ने मुनि श्रीजी को अरिहंतपुरम में चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट कर निवेदन किया गया की 2024 का चातुर्मास अरिहंत पुरम में हो। इस अवसर पर चंद्रप्रभ मंदिर समिति व मुनि सेवा समिति अरिहंत पुरम सहित काफी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

## थाना प्रभारी ने लोगों को नशे से दूर रहने और नशे के कुप्रभावों के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज




पुलिस मुख्यालय और वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गितेश गर्ग, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आकाश अमलकर अनुभाग आष्टा के निर्देशन में थाना प्रभारी निरी. गोपिन्द्र सिंह राजपूत व थाना स्टाफ द्वारा ग्राम सिद्दीकगंज में निवासीगणों को एकत्रित कर नशामुक्ति जनजागृति अभियान अन्तर्गत कार्यक्रम किया गया। जिसमें वहां स्थित लोगों को थाना प्रभारी ने नशे से दूर रहने व नशे के कुप्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नशा एक अभिशाप है।

यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। इन जहरीले और नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचने के साथ ही सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है। इसके अलावा स्वयं और परिवार की सामाजिक स्थिति को भी भारी नुकसान पहुंचता है। वह नशे से अपराध की ओर अग्रसर हो जाता है और शांतिपूर्ण समाज के लिए अभिशाप बन जाता है। आज स्कूल, कॉलेज व गांवों में छोटे-छोटे कस्बों के बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग और विशेषकर युवा वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहे है। इस अभिशाप से समय रहते मुक्ति पा लेने में ही मानव समाज की भलाई है। उन्होंने कहा कि आज कल अक्सर ये देखा जा रहा है कि युवा वर्ग इसकी चपेट में दिनों-दिन आ रहा है वह तरह-तरह के नशे जैसे- तम्बाकू, गुटखा, बीडी, सिगरेट और शराब के चंगुल में फंसता जा रहा है व इससे जुड़े काले धंधों में लिप्त होकर जीवन बर्बाद कर रहा है। हमें इससे बचना चाहिए। इस दौरान सभी को नशा ना करने की शपथ दिलवाई गई।

### ग्राम भारती शिक्षा समिति की साधारण सभा बैठक में अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

# चर्चा कर साधारण सभा में वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन किया प्रस्तुत






हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

सिलवानी, रायसेन, विद्या भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा मार्गदर्शित ग्राम भारती मध्य भारत भोपाल से संबद्ध भोजपुर ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला रायसेन की साधारण सभा की बैठक जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत की अध्यक्षता में सरस्वती शिशु मन्दिर बम्हौरी कस्बा तहसील सिलवानी में आयोजित हुई।

बैठक में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, ऊं, भारत मां का पूजन कर सरस्वती वन्दना के साथ बैठक की शुरुआत की गई। जिला सचिव दौलत सिंह ठाकुर ने गत बैठक कार्यवाही का वाचन किया। वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष महेश मिश्रा द्वारा वार्षिक आय व्यय का वाचन किया एवं अनुमोदन सर्व सम्मति से चर्चा कर स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में सत्र 2024-25 के अनुमानित बजट पर चर्चा हुई और सर्व सम्मति से पारित किया गया अंकेक्षक की नियुक्ति एवं शासकीय कार्य व्यवहार के लिए जिला सचिव को अधिकृत किया गया। बैठक में शैक्षिक सामाजिक एवं ग्राम विकास आदि अहम मुद्दों पर अनोपचारिक चर्चा हुई अतिथि परिचय जिला प्रमुख राजेन्द्र सिंह ठाकुर के कराया अतिथि स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेमनारायण लोधी ने किया सरस्वती वन्दना रचना लोधी दीदी ने प्रस्तुत की। इस बैठक में मुरलीधर धर्मवाणी प्रांतीय उपाध्यक्ष, मस्तान सिंह मारण सदस्य, प्रमोद रघुवंशी सदस्य, लक्ष्मी नारायण आचार्य, हरिशंकर राय सदस्य आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अमित रघुवंशी ने दी।

## प्रतिनिधि ने श्मशान घाट का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य द्वारा नगर के पुराने शमशान घाट का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान मनोज वैद्य को शमशान घाट का टीन शेड ठीक नहीं लगा तो तुरंत दूरभाष पर मुख नगर पालिका अधिकारी हरीश सोनी से चर्चा कर शमशान की टीन सेट की चद्दर तुरंत बदली और समस्या का निराकरण किया।

इस अवसर पर मनोज वैध ने कहा कि नगर में किसी भी प्रकार की कोई समस्या आने नहीं दी जाएगी वहीं नागरिकों से अपील की आपकी जो भी समस्या है मुझे बताएं उसका तुरंत हल किया जाएगा। नगारिकों को परेशानी नहीं होगी। इस अवसर पर जावर नगर वासी उपस्थित थे।